प्रेस नोट थाना गीडा जनपद गोरखपुर दिनांक 31.12.2024

गुमशुदा व्यक्ति को अवैध तरीके से अवरुद्ध कर जमीन का बैनामा कराने का प्रयास करने के आरोप में 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से गुमशुदा व्यक्ति को साकुशल बरामद किया गया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में , पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक गीडा के नेतृत्व में उ0नि0 शुभम श्रीवास्तव मय पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.हनुमान 2.रामभवन 3.शैलेष कुमार उर्फ बलीन्द्र के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत गुमशुदगी से संबंधित व्यक्ति को साकुशल बरामद किया गया व अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 695/2024 धारा 119(1),127(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 15.12.2024 को वादी मुकदमा के पिता बिना कुछ बताये घर से चले गये जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर गुमशुदगी दर्ज की गयी थी । दिनांक 30.12.2024 को उक्त गुमशदा के तलाश में लगी पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि अभियुक्त उपरोक्त द्वारा वादी के पिता को अवरुद्ध कर उनकी जमीन का बैनामा करवाने हेतु उनपर दबाव बनाया जा रहा है । जिसपर पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा को अभियुक्तों के कब्जे से बरामद करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व आपराधिक इतिहास-

1. हनुमान पुत्र स्व0 श्याम लाल निवासी एकला बाजार थाना गीडा जनपद गोरखपुर

आपराधिक इतिहास-

I. मु0अ0सं0 460/2017 धारा 323,504,506 भादवि थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
II. मु0अ0सं0 695/24 धारा 119(1),127(2) बीएनएस थाना गीडा जनपद गोरखपुर

2. रामभवन निषाद पुत्र बेचन निषाद निवासी बाघागाड़ थाना गीड़ा जनपद गोरखपुर

आपराधिक इतिहास-

I. मु0अ0सं0 695/24 धारा 119(1),127(2) बीएनएस थाना गीडा जनपद गोरखपुर

3. शैलेष कुमार उर्फ बलीन्द्र पुत्र स्व0 रामदवन निवासी एकला थाना गीडा जनपद गोरखपुर

आपराधिक इतिहास-

I. मु0अ0सं0 695/24 धारा 119(1),127(2) बीएनएस थाना गीडा जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 शुभम श्रीवास्तव चौ0प्र0 नौसढ थाना गीडा जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 प्रशिक्षु अभिनव श्रीवास्तव थाना गीडा जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 प्रशिक्षु धीरेन्द्र यादव थाना गीडा जनपद गोरखपुर
4. का0 जयसूर्या गौतम थाना गीडा जनपद गोरखपुर

5. का0 राजेश चौधरी थाना गीडा जनपद गोरखपुर
6. का0 भानु प्रताप मौर्या थाना गीडा जनपद गोरखपुर
7. हे0का0 प्रेम बहादुर सिंह थाना गीडा जनपद गोरखपुर